# बुरहानपुर-खंडवा मंडियों में कपास शुल्क 55 पैसे करने के दिए सीएम ने दिए निर्देश

**विधायक चिटनिस के आग्रह पर डॉ . यादव का बड़ा किसान हितैषी निर्णय**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने विधायक एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस के आग्रह पर निमाड़ अंचल के कपास उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देते हुए खंडवा और बुरहानपुर की मंडियों में कपास पर लिया जा रहा मंडी शुल्क एक रुपए से घटाकर 55 पैसे करने हेतु निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश के कपास उत्पादक किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसके लिए कपास का मंडी शुल्क पड़ोसी महाराष्ट्र राज्य के समान 55 पैसे किया जा रहा है। इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया अतिशीघ्र पूर्ण कर निर्णय को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के इस महत्वपूर्ण निर्णय को किसानों,व्यापारियों एवं कृषि आधारित उद्योगों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। लंबे समय से क्षेत्र के किसान महाराष्ट्र की तुलना में अधिक मंडी शुल्क के कारण आर्थिक नुकसान झेल रहे थे, जिससे कपास व्यापार और कृषि आधारित गतिविधियाँ प्रभावित हो रही थीं।

इस महत्वपूर्ण निर्णय के पीछे अर्चना चिटनिस की सक्रिय पहल को अहम माना जा रहा है। विधायक एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने 6 मई को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के बुरहानपुर प्रवास के दौरान आयोजित उद्यमी संवाद कार्यक्रम में यह विषय प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि मंडी शुल्क कम होने से किसान पुन: कपास की खेती की ओर आकर्षित होंगे तथा क्षेत्र में बंद पड़ी रूई प्रसंस्करण इकाइयाँ एवं कपास बीज तेल मिलें पुन: संचालित हो सकेंगी।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा लिया गया यह निर्णय केवल मंडी शुल्क में कमी नही, बल्कि निमाड़ क्षेत्र की कृषि एवं औद्योगिक अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देने वाला निर्णय है। इससे किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा, व्यापार को गति मिलेगी तथा किसानों एवं मजदूरों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री किसानों की समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं और उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार किसान हितैषी निर्णय लेकर किसानों को राहत प्रदान कर रही है।

## एक नजर में

### नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का मशाल जुलूस




**रिंकू टॉक बोले-दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। शनिवार शाम 7 बजे कमल टॉकीज तिराहे से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विशाल मशाल जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफनारेबाजी की। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक के नेतृत्व में निकले इस जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारीए युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और अन्य प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओ ने शामिल होकर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए अन्याय पर नाराजगी जताई। रिंकू टॉक ने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है और नीट परीक्षा में 22 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महामहिम राष्ट्रपति से मांग करती है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और जो भी दोषी होंए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में हजारों स्कूल बंद हो चुके हैं और सरकार शिक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। इस दौरान रिंकु टॉक ,वाजिद इकबाल, अनिता यादव,अकील औलिया सलीम कॉटन वाला, त तफज्जुल हुसैन मुलायम वाला, आसिफखान , विनोद मोरे ,हमिद डायमंड, योजना देवडॉ, मुन्ना यादव, गौरी शर्मा, शेख रुस्तम, मिनाक्षी महाजन , अशीष भगत , शैली कीर, देव ठाकुर ,कमलेश शाह आदि उपस्थित थे।

### श्रीमद भागवत कथा में आने और सुनने से असंख्य पुण्य फल की प्राप्ति होती है : गोपाल कृष्ण महाराज



**बुरहानपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा एतिहासिक जिला पर्यटन नगरी बुरहानपुर की धरा पर स्थित गणेश उ.मा.विद्यालय प्रागंण में श्री गणेश भागवत कथा समिति एवं समस्त कार्यकर्ता बन्धु जिला ब्रह्मपुर के द्वारा आयोजित साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा में राष्ट्रीय संत कथाकार प.पु.गोपालकृष्ण महाराज का व्यास पीठ पर जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा व्यास पीठ के दर्शन कर राष्ट्रिय संत का शाल-श्रीफल, हार व् भेंट से भावभीना स्वागत किया गया। श्रीमद भागवत कथा के पाचवे दिन कथा को संबोधित करते हुए राष्ट्रिय संत पण्पुण्गोपाल कृष्ण महाराज ने कहा की धर्म की कोई भी सभा हो श्रीमद भागवत कथा हो या रामायण कथा या शिवपुराण कथा हो या कोई अन्य धार्मिक कथा व् कार्य हो उसमे मानव के आने व् श्रवण मात्र से उस मानव को असंख्य पूण्य फ्ल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक व् संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन,संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह ,संस्था सदस्य शोभा चौधरी, रविन्द्र महाजन ,आर एस ठाकुर के साथ साथ कथा समिति के प्रमुख जगदीश वाडे ,सचिव गोपाल सिंह मुजाल्दा ,कोषाध्यक्ष लक्षमण भल्लावी,कथाकार पांडाल व्यवस्था प्रमुख दिलीप इंगले ,नरेन्द्र जाधव ,प्रशांत पाटिल , रवि गावडे के साथ साथ समिति के अन्य समिति सदस्य व बड़ी संख्या में श्रीमद भागवत कथा को श्रवण करने वाले श्रद्धालुगणों में महिलाए व् पुरुष गण उपस्थित थे। कथा श्रवण अवसर पर मण्प्रण् शासन की पूर्व मंत्री व् वर्तमान विधायक अर्चना चिटनिस एवं बड़ी संख्या में बुरहानपुर जिले के विभिन्न मंदिरों के संत व् महंतगण उपस्थित थे।

### वन क्षेत्रों में आग की घटनाएं रोकने अमला अलर्ट



**नेपानगर।** 42 डिग्री तापमान में जंगल में ड्यूटी कर अपने कर्त्तव्य को पूरा कर रहे वनकर्मी जंगल में आग की घटनाएं रोकने के प्रयास कर रहे हैं। दरअसल हर साल गर्मी के दिनों में जंगलों में आग लगने की घटनाएं होती है। जिसे देखते हुए वन विभाग ने वनकर्मियों को ताकीद की है कि वह प्रतिदिन क्षेत्र में घूमकर इस बात पर नजर रखें कि कहीं आग तो नहीं लगी है। शनिवार को ग्राम सोनुद और नाहालवाड़ी के जंगल में वनकर्मियों की टीम घूमी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को भी ताकीद की कि वह जंगल में आग लगने की सूचना तत्काल वन विभाग को दें। दरअसल भीषण गर्मी में जंगल में आग लगने का खतरा अधिक रहता है। समय पर बचाव के उपाय किए जा सकें।

**ये हैं कारण:-** दरअसल जंगलों में कई बार बीड़ीए सिगरेट जलाकर फेंकने से आग की घटनाएं होती है। कभी अतिक्रमणकारी भी माचिस की तीली फेंक देते हैं जिससे आग लग जाती है। ऐसे में कई बार यह आग काफी फैल भी जाती है। ऐसा न हो इसलिए वन विभाग अलर्ट मोड पर है। क्षेत्र में बीते सालों में बड़े पैमाने पर वन काटा गया था। करीब ढाई साल पहले वन विभाग ने बाहरी अतिक्रमणकारियों को जिले से खदेड़ा था। वन कटाई वाले क्षेत्रों में पौधारोपण किया गया था।

### एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**बुरहानपुर।** एसपी आशुतोष बागरी ने पुलिस थाना शिकारपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसरए अभिलेखों के संधारण जप्ती माल, लंबित प्रकरणों की समीक्षा एवं पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। थाना परिसर में आए लोगों से पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। थाना स्टॉफ से रुबरू हो सुनी उनकी समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश। लंबित अपराधों की समीक्षा कर उनका त्वरित निराकरण करने हेतु किया निर्देशित। चोरी की घटनाओं को रोकने हेतु हॉट स्पॉट चिन्हित कर वहां प्रभावी गश्त करने,संदिग्ध लोगों की चेकिंग करने एवं थाने के गुंडा एवं निगरानी बदमाशों पर विशेष नजर रखने हेतु निर्देश दिए। रजिस्टर की जांच 'वार्षिक निरीक्षण रजिस्टर में दर्ज सभी प्रविष्टियों की समीक्षा की गई।

## अवैध हथियार तस्कर को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध हथियार निर्माण, परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अति पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना खकनार पुलिस को अंतर्राज्यीय अवैध हथियार तस्कर को पकड़ने में सफ्लता प्राप्त हुई है। थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को सुचना प्राप्त हुई कि थाना खकनार के आर्म्स एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी ईडा खकनार तरफ घुम रहा है सूचना पर फोर्स की मदद से आरोपी इंडिया उर्फ ईडा अमरसिंग भिलाला उम्र 28 साल निवासी पाचौरी को गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में बताया कि 08 मई को ग्राम पाचौरी के रहने वाले हरदीप पिता तेहरसिंग ने 10 पिस्टल व 02 मैग्जिन दिये थे। जिसमे से 07 पिस्टल व 02 मैग्जिन मैने रणजीत को दी थी व 03 पिस्टल मैने सांई मंदिर के पीछे जंगल मे छुपा कर रखी है बाद आरोपी द्वारा बताये स्थान से 03 हस्तनिर्मित देशी पिस्टल को पंचानो के समक्ष विधिवत् जप्त की गई। आरोपी हरदीप पिता तेहरसिंग की तलाश जारी है ।

## 52 करोड़ से बनने वाली सड़क का सांसद-महापौर ने किया निरीक्षण

**सिंधी बस्ती से लोनी महाराष्ट्र सीमा तक बनेगी सड़क, निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शहर से महाराष्ट्र सीमा को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित सिंधी बस्ती चौराहे से लोनी तक बनने वाले 11 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का शुक्रवार को खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल,पूर्व महापौर अतुल पटेल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन सहित जनप्रतिनिधियों ने सड़क परिवहन मंत्रालय के कार्यपालन यंत्री रविन्द्र वर्मा तथा निर्माण एजेंसी ठेकेदार के साथ निरीक्षण किया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान सिंधी बस्ती चौराहा, टेक्समो फैक्ट्री चौराहा,होटल उत्सव के पास बहादरपुर से लेकर लोनी तक पूरे मार्ग का जायजा लिया ।

निरीक्षण के दौरान सड़क चौड़ीकरण, यातायात व्यवस्था, जल निकासी, बारिश में होने वाली परेशानी सहित निर्माण कार्य की रूपरेखा को लेकर सांसद ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उल्लेखनीय हैं कि करीब 52 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह सड़क मार्ग मध्यप्रदेश को महाराष्ट्र से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों छोटे.बड़े वाहन गुजरते हैं। सड़क बनने के बाद लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम हो सकेगा। सिंधी बस्ती से कलेक्टर कार्यालय तक सड़क को लगभग 36 मीटर चौड़ा विकसित किया जाएगा। सड़क निर्माण के बाद नगर निगम द्वारा दोनों ओर साइड पटरी के साथ सौंदर्यकरण कार्य भी कराया जाएगा।

**यातायात व्यवस्था बेहतर होगी:-** सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता इस सड़क निर्माण का इंतजार कर रही है। मार्ग के कई हिस्सों में संकरी सड़क और अंधे मोड़ होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी,केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा दी गई इस सौगात के लिए क्षेत्रीय जनता की और से आभारी हूँ।

सांसद ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान नागरिकों को कम से कम परेशानी होए इसके लिए विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं पूर्व महापौर अतुल पटेल ने निगम द्वारा इस मार्ग पर किये जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा की इस दौरान मनोज टंडन,किशोर शाह, विठल चौधरी,जनपद प्रतिनिधि विनोद कोली, राजू शिवहरे,भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील,जय पाटील आदि मौजूद रहे।

## लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण का भाजपा कार्यालय पर स्वागत



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर बुरहानपुर आए। आप यहां भारतीय जनता पार्टी के सुंदर नगर स्थित जिला कार्यालय पर आगमन हुआ। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने एवं पदाधिकारियों द्वारा भाजपा अंगवस्त्र पहनाकर एवं तिलक लगाकर उनका जोरदार स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर मनोज जी माने द्वारा मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष श्री सत्येंद्र भूषण से शहर में लघु उद्योग की स्थिति एवं संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। आपने उन्हें बताया कि बुरहानपुर जिला महाराष्ट्र से लगा हुवा होने, नेपानगर कागज कारखाना तथा 35 हजार से अधिक पावरलुम का यह शहर लघु उद्योगो के लिए बडी संभावनाओं का क्षेत्र है। केला व गन्ना फसल भी यहां की मुख्य फसल है।

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष श्री सत्येंद्र भूषण जी ने आश्वस्त किया कि आप इस और विशेष ध्याान देगें। इस दौरान आपने भाजपा के जिला,मंडल,मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण एवं कार्यकर्ताओ से भेट ओर संगठनात्मक एवं विकासात्मक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ.मनोज माने जिलाध्यक्ष , जिला महामंत्री संजय जाधव,जिला उपाध्यक्ष रवि गावड़े, जिला मंत्री सुनील वाघे , श्रीमती सुवर्णा पाटिल, करण प्रजापति, शिरीष भावसार सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन प्रवेश पंजीयन आज भी

**बुरहानपुर।** सेवासदन शिक्षा महाविद्यालय, बुरहानपुर में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत बी.एड. एवं डी.एल.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया दिनांक 02 मई 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम चरण में पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई 2026 है।

छात्रों की सुविधा के लिए 17 मई 20 26 रविवार को भी सुबह 9 बजे से 2 बजे तक ऑनलाईन प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया जारी रहेगी। सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने कहा कि भविष्य में षिक्षक बनने हेतु इच्छुक विद्यार्थी अतीशीघ्र महाविद्यालय में रविवार को भी आकर ऑनलाईन पंजीयन करा सकेगे। जिससे विद्यार्थी को भविष्य में एडमिषन संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडें। समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला ने भी विद्यार्थियों को ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया के प्रथम चरण का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## पशुओं को पीने का पानी रखेंगे

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा बुरहानपुर द्वारा अमृत धारा योजना के अंतर्गत जीव दया को ध्यान में रखते हुए शहर के 21 अलग अलग स्थानों पर भीषण गर्मी को देखते हुए मूक पशुओ को पिने के पानी हेतु 21 टंकियो की व्यवस्था की गई।



जिससे मूक प्राणी जल पीकर तृप्त हो सके स प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया की इन टंकियो को रखने में मंच के सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा,सभी सदस्यों ने एक एक टंकी की साफ सफाई एवं जल भरने की जिम्मेदारी ली स सचिव शुभम जैन ने अवगत कराया की जिस किसी व्यक्ति को अपने दुकान,घर या ऑफिस के बाहर इन टंकियो को लगवाने के इच्छुक हो वह मारवाड़ी युवा मंच से सम्पर्क कर सकते है।

इ स असवर पर पूर्व अध्यक्ष दामोदर तोदी, रविन्द्र गुप्ता, मंच अध्यक्ष पुनीत शर्मा, प्रियंक भंडारी ,अभिशेक जैन,संदीप मंत्री ,पिंस सेठिया, कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयर सत्यनारायण पुरोहित एदिलीप कासलीवाल एगौरव अग्रवाल थे।

## दवा विक्रेताओं के अस्तित्व की रक्षा के लिए कारोबार रखेंगे बंद 20 को

**ऑनलाइन फार्मेसी और अन्य मुद्दों को लेकर विरोध**




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** देशभर के 12.40 लाख केमिस्ट ऑनलाइन फार्मेसी की अनियंत्रित कार्यप्रणाली और शोषणकारी मूल्य निर्धारण के खिलाफ सड़क पर उतरेंगे। अवैध ई.फार्मेसी और श्डीप डिस्काउंट से 5 करोड़ आश्रितों की आजीविका पर संकट ।

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स जो देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट एवं दवा वितरकों का शीर्ष संगठन है, ने सरकार की अनदेखी के खिलाफ 20 मई 2026,बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद की घोषणा की है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेषित एक ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट किया है कि बार.बार के अनुरोधों के बावजूदए दवा व्यापार की गंभीर समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से देशभर के विक्रेताओं में भारी रोष है ।

संगठन का आरोप है कि ई.फार्मेसी प्लेटफॉर्म्स नियमों की शिथिलता का लाभ उठा रहे हैं । बिना भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री से एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार.बार उपयोग हो रहा है। ए.आधारित फर्जी प्रिस्क्रिप्शन के जरिए एंटीबायोटिक्स और नशीली दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता एंटी.माइक्रोबियल रेसिस्टेंस जैसे बड़े खतरे को जन्म दे रही है। यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

बड़े कॉरपोरेट संस्थान डीप डिस्काउंट के जरिए बाजार का संतुलन बिगाड़ रहे हैं। जबकि आवश्यक दवाओं का मार्जिन सरकार द्वारा निर्धारित है, ये संस्थान अनुचित व्यापारिक प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहे हैं। इससे ग्रामीण और अर्ध.शहरी क्षेत्रों के छोटे केमिस्टों का अस्तित्व खतरे में है, जिससे अंतत: दवाओं की सुलभ आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी।

कोविड.19 के दौरान जारी अधिसूचना 26 मार्च 2020 जो एक अस्थायी उपाय थाए उसे आज भी जारी रखना तर्कसंगत नहीं है। यह नियम औषधि नियम 65 के कड़े प्रावधानों को कमजोर कर रहा हैए जिसका फायदा उठाकर डिजिटल प्लेटफॉर्म नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। बुरहानपुर जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज अगनानी, सचिव शरद जैन पूर्व संभागीय सचिव नीरज कक्कड़ ने कहा है कि यह केवल व्यापार का नहीं,बल्कि मरीज की सुरक्षा का मामला है। यदि 20 मई तक सरकार इन मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो हम अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**एक नजर** पुरुषोत्तम मास शुरू होते ही बुरहानपुर के विश्वविख्यात स्वामीनारायण मंदिर में होगा दिव्य अभिषेक महोत्सव

## स्वामीनारायण संप्रदाय में एक माह तक होगा भगवान का विशेष अभिषेक, देश-विदेश से पहुंचेंगे श्रद्धालु





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अधिक पुरुषोत्तम मास के शुभारंभ के साथ ही बुरहानपुर के सिलमपुरा स्थित विश्वविख्यात स्वामीनारायण मंदिर बुरहानपुर में आध्यात्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। मंदिर में भगवान हरिकृष्ण महाराज देव एवं लक्ष्मीनारायण देव का विशेष अभिषेक होगा, जो पूरे एक माह तक लगातार होता रहेगा। स्वामीनारायण संप्रदाय में यह विशेष परंपरा केवल बुरहानपुर मंदिर में ही पूरे माह तक होगी, जिसके कारण देशभर के श्रद्धालुओं के लिए यह स्थान आस्था का प्रमुख केंद्र होगा।

मंदिर की सबसे विशेष और आध्यात्मिक महत्ता उस दिव्य प्रसादी स्वरूप मूर्ति की होगी, जिसे लगभग 200 वर्ष पूर्व स्वयं भगवान स्वामीनारायण द्वारा छह माह तक पूजा.अर्चना करने के पश्चात भक्तों को प्रसादी रूप में प्रदान किया गया था। मंदिर में विराजित लक्ष्मीनारायण देव की यही प्रसादी मूर्ति पूरे पुरुषोत्तम मास में अभिषेक पूजा का केंद्र होगी। अभिषेक के लिए ताप्ती नदी से पवित्र जल लाया जाएगा। परंपरा के अनुसार भगवान का अभिषेक केसर,शक्कर, फलों के रस, चंदन, दही, शुद्ध घी तथा लगभग 500 लीटर दूध से होगा। श्रद्धालु अपने घरों से भी दूध लेकर पहुंचेंगे और भक्तिभाव से भगवान का दुग्धाभिषेक करेंगे। अभिषेक के बाद बहने वाली दूध की धारा को श्रद्धालु तीर्थ स्वरूप ग्रहण करेंगे और अन्य भक्तों में वितरित करेंगे। मान्यता होगी कि इस पवित्र अभिषेक तीर्थ से गंभीर रोगों से मुक्ति मिलेगी और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

मंदिर परिसर में सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। गुजरातए मुंबई सहित देश के विभिन्न राज्यों से संतों और हरी भक्तों का आगमन होगा। अभिषेक के दौरान वैदिक ब्राह्मणों द्वारा 1600 मंत्रों का उच्चारण होगाए जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर होगा। अभिषेक के समय प्राचीन वाद्ययंत्रों और वाजंत्री की मधुर धुन गूंजेगी। वहीं आरती के दौरान पारंपरिक धुनों पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक वाद्ययंत्रों का उपयोग होगा। इस अवसर पर 20 से अधिक संतों की उपस्थिति होगी।

मंदिर के मीडिया प्रभारी गोपाल देवकर ने जानकारी दी कि भगवान का अभिषेक और संतों का आशीर्वाद भक्तों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने बताया कि यहां का अभिषेक तीर्थ श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का विषय होगा और लोग इसे रोग निवारण तथा आध्यात्मिक शांति का माध्यम मानेंगे।

मंदिर महंत शास्त्री चिन्तनप्रियदासजी स्वामी ने बताया कि पूरे पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक भगवान का अभिषेक होगा। इसके पश्चात आरती होगी, कथा होगी और भक्तों को अधिक पुरुषोत्तम मास महात्म्य का रसपान कराया जाएगा। सुबह 9.30 बजे श्रृंगार आरती होगी। उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम मास में आयोजित यह पाटोत्सव भक्तों में भक्तिए सेवा और संस्कारों की भावना जागृत करेगा। भगवान स्वामीनारायण की कृपा से यह दिव्य परंपरा वर्षों से निरंतर चलती रहेगी। पूरे माह मंदिर में अभिषेक होगा, कथा होगी, मनोरथ होंगे और राज्योपचार की विशेष झलक भक्तों को देखने को मिलेगी। मंदिर को भव्य सजावट से सजाया जाएगा और दूर.दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी होंगी।